# भूगोल / GEOGRAPHY

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

Civil Services (Main) Examination, 2026

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : **तीन** घंटे | अधिकतम अंक : **250** |
| *Time Allowed : **Three Hours*** | *Maximum Marks : **250*** |

---

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़िए :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाइए। इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Illustrate your answers with suitable sketches / maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** (a) आपको दिए गए **भारत** के रेखा-मानचित्र पर, निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए। अपनी क्यू.सी.ए. पुस्तिका में इन स्थानों में से प्रत्येक का भौतिक / वाणिज्यिक / आर्थिक / पारिस्थितिक / पर्यावरणीय / सांस्कृतिक महत्त्व अधिकतम 30 शब्दों में लिखिए :

On the outline map of **India** provided to you, mark the location of all of the following. Write in your QCA Booklet the significance of these locations, whether physical / commercial / economic / ecological / environmental / cultural, in no more than 30 words for each entry : *2×10=20*

(i) बित्रा द्वीप
Bitra Island

(ii) लोहित नदी
Lohit River

(iii) द्रास
Dras

(iv) कूनो राष्ट्रीय उद्यान
Kuno National Park

(v) यदाद्रि
Yadadri

(vi) माही बेसिन
Mahi Basin


(vii) ताम्रलिप्त
Tamralipta

(viii) तोरणमाल
Toranmal

(ix) राया हेरिटेज सिटी
Raya Heritage City

(x) वर्कला
Varkala

प्रश्न सं. 1(a) के लिए **For question no. 1(a)**



(b) भारत में कडप्पा तथा धारवाड़ शैल समूहों की उत्पत्ति, वितरण और आर्थिक महत्त्व का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।

Briefly describe the origin, distribution and economic significance of Cuddapah and Dharwar rock systems of India. *10*

(c) हिमालय की वनस्पति के ऊर्ध्वाधर क्षेत्रीकरण (अनुक्षेत्र-वर्गीकरण) की व्याख्या कीजिए।

Explain the vertical zonation of vegetation of the Himalayas. *10*

(d) भारत में ज्वारीय (मैंग्रोव) वनों के विकास के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए। उनके पारिस्थितिक तथा आर्थिक महत्त्व की व्याख्या कीजिए।

Describe the geographical conditions necessary for the growth of mangrove forests in India. Explain their ecological and economic significance. *10*

**Q2.** (a) भूमंडलीय तापन (ग्लोबल वार्मिंग) की स्थिति में एल-नीनो और भारतीय मानसून के बीच का सम्बन्ध जटिल होता जा रहा है। समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

The relationship between El Niño and the Indian monsoon is becoming complex under the conditions of global warming. Critically examine. *20*

(b) भारत में रक्षा उद्योग की तकनीकी प्रगति में निजी क्षेत्र की भूमिका की विवेचना कीजिए।

Discuss the role of the private sector in the technological advancements of the defence industry in India. *15*

(c) भारत में उर्वरक उद्योग के लिए वैश्विक आपूर्ति शृंखला की व्याख्या कीजिए। प्रमुख निवेशों की अन्तर्राष्ट्रीय कीमतें घरेलू उत्पादन को कैसे प्रभावित करती हैं ?

Explain the global supply chain for the fertilizer industry in India. How do international prices of key inputs affect domestic production ? *15*

**Q3.** (a) भारत में शस्य विविधीकरण के कारणों तथा परिणामों का परीक्षण कीजिए। सतत कृषि में शस्य विविधीकरण कैसे योगदान दे सकता है ?

Examine the causes and consequences of crop diversification in India. How can crop diversification contribute to sustainable agriculture ? *20*

(b) संकरे समुद्री मार्गों (चोक-प्वॉइंट्स) के प्रति भारत की संवेदनशीलता समय के साथ भू-राजनीतिक तनावों के कारण तेजी से बढ़ी है। विवेचना कीजिए।

India's vulnerability to maritime choke-points has increased sharply over time due to geopolitical tensions. Discuss. *15*

(c) ऊर्जा संसाधनों का कुशल उपयोग भारत में ऊर्जा-संकट का समाधान कर सकता है। टिप्पणी कीजिए।

Efficient use of energy resources can resolve the energy crisis in India. Comment. *15*

**Q4.** (a) भारत के ऑटोमोबाइल (मोटर-गाड़ी) उद्योग के स्थानिक वितरण का विश्लेषण कीजिए। चेन्नई, पुणे और गुरुग्राम जैसे क्लस्टर (समूह) किस प्रकार प्रमुख ऑटो-हब के रूप में उभरे हैं ?

Analyse the spatial distribution of India's automobile industry. How have the clusters like Chennai, Pune and Gurugram emerged as key auto-hubs ? *20*

(b) भारत में औद्योगिक विकास में तथा क्षेत्रीय असन्तुलन को कम करने में ऊर्जा पाइपलाइनों की भूमिका का वर्णन कीजिए।

Describe the role of energy pipelines in the industrial development and in reducing the regional imbalances in India. *15*

(c) भारत को कृषि-पारिस्थितिक प्रदेशों में विभाजित कीजिए और उनमें से किसी एक प्रदेश की मुख्य विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

Divide India into agro-ecological regions and highlight the salient features of any one of them. *15*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** (a) भारत में चक्रीय प्रवास के परिणामों का विश्लेषण कीजिए। यह ग्रामीण विकास तथा नगरीय अर्थव्यवस्था दोनों को कैसे प्रभावित करता है ?

Analyse the consequences of circular migration in India. How does it influence both rural development and the urban economy ? *10*

(b) भारत के बृहन्नगरों (महानगरों) में मलिन बस्ती क्षेत्रों के पुनर्विकास के लिए किए जा रहे सरकारी प्रयासों की व्याख्या कीजिए।

Explain the government initiatives for the redevelopment of slum areas in the mega cities of India. *10*

(c) भारत में पंचायती राज संस्थाएँ महिला सशक्तिकरण में किस प्रकार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, विवेचना कीजिए।

Discuss how Panchayati Raj institutions play a crucial role in the empowerment of women in India. *10*

(d) "भारत का हिन्द महासागर के प्रति दृष्टिकोण सहयोगात्मक है न कि दबावपूर्ण।" इस कथन का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

"India's approach to the Indian Ocean is cooperative rather than coercive." Critically examine the statement. *10*

(e) भारत के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा सामुदायिक प्रतिरोधक्षमता वे दो स्तम्भ हैं, जिन्हें प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता है। समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

Disaster risk reduction and community resilience are the two pillars that need to be prioritized in the flood prone areas of India. Critically analyse. *10*

**Q6.** (a) समय के साथ भारतीय राज्यों में प्रजनन दर की प्रवृत्तियों का परीक्षण कीजिए। 2050 तक उनमें कैसे परिवर्तन की सम्भावना है ?

Examine the trends in fertility rates across Indian states over time. How are they projected to evolve by 2050 ? *20*

(b) भारत के पर्वतीय क्षेत्रों के विकास में मृदा तथा जल संरक्षण मुख्य चुनौतियाँ हैं। व्याख्या कीजिए।

Soil and water conservation are the major challenges in the development of hill areas of India. Explain. *15*

(c) भारत और बांग्लादेश के मध्य अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के संदर्भ में सम्बन्धित मुद्दों तथा चुनौतियों की विवेचना कीजिए।

With reference to the international boundary between India and Bangladesh, discuss the related issues and challenges. *15*

**Q7.** (a) गंगा मैदान में शीत ऋतु में वायु की गुणवत्ता में सुधार करना कठिन क्यों है ? उपयुक्त उदाहरणों के साथ आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Why is it difficult to improve the quality of air during the winter season in the Gangetic plain ? Critically evaluate with suitable examples. *20*

(b) नदी के ऊपरी प्रवाह क्षेत्र में निर्वनीकरण मृदा अपरदन के परिमाण में वृद्धि करता है। किसी उत्तर भारतीय नदी के उदाहरण द्वारा अपने उत्तर को विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

Deforestation in the upper reaches of a river augments the magnitude of soil erosion. Elaborate your answer citing the example of any North Indian river. *15*

(c) भारत में जनजातीय संस्कृति के संरक्षण, साथ ही उनके सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न करने में भौगोलिक अलगाव की भूमिका का आकलन कीजिए।

Assess the role of geographical isolation in preserving tribal culture, as well as hindering their socio-economic development in India. *15*

**Q8.** (a) प्रस्तावित 'ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट' के सामरिक, आर्थिक और पारिस्थितिक प्रभावों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Critically examine the strategic, economic and ecological impacts of the proposed 'Great Nicobar Project'. *20*

(b) खराब सड़क अवसंरचना तथा अपर्याप्त सार्वजनिक परिवहन तंत्र भारतीय महानगरीय क्षेत्रों में प्रमुख समस्या बने हुए हैं। उपयुक्त उदाहरणों सहित विवेचना कीजिए।

Poor road infrastructure and inadequate public transport system remain the key issues in Indian metropolitan areas. Discuss with suitable examples. *15*

(c) भारत के ग्लोबल डाटा सेन्टर हब के रूप में उभरने के पर्यावरणीय तथा आर्थिक परिणामों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Critically examine the environmental and economic consequences of India's rise as a global data centre hub. *15*